**कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी, ओबरा वन प्रभाग, ओबरा–सोनभद्र।**
**पत्रांक 3079/ओबरा/33 वन्दो0 दिनांक, 30-6-2021.**

सेवा में,

अधिशासी अभियन्ता,
पी0एम0जी0एस0वाई0 खण्ड,
लोक निर्माण विभाग, सोनभद्र।

**विषयः–** पी0एम0जी0एस0वाई0 के अन्तर्गत स्वीकृत पैकेज संख्या यू0पी0 67135 के मार्ग पटवध से बसुहारी मार्ग का आनलाईन प्रस्ताव अपलोड करनें के उपरान्त हार्ड कापी प्रस्तुत करनें के सम्बन्ध में।

**सन्दर्भः–** अधिशासी अभियन्ता, पी0एम0जी0एस0वाई0 खण्ड, लोक निर्माण विभाग, सोनभद्र के कार्यालय का पत्रांक–1772/यू0पी0/67135–पी0एम0जी0एस0वाई0/2020 दिनांक–26.11.2020, पत्रांक–925/यू0पी0–67135–पी0एम0जी0एस0वाई0/2021 दिनांक–25.06.2021 तथा इस कार्यालय के पत्रांक–1508/ओबरा/33 दिनांक–11.12.2020.

**महोदय,**

अवगत कराना है कि आपके कार्यालय के पत्रांक–1772/यू0पी0/67135–पी0एम0 जी0एस0वाई0/2020 दिनांक–26.11.2020 द्वारा पटवध से बसुहारी मार्ग का आनलाईन प्रस्ताव अपलोड करनें के उपरान्त प्रस्ताव की हार्ड कापी पांच प्रतियों में इस कार्यालय में उपलब्ध कराया गया था। प्रस्ताव के परीक्षणोपरान्त इस कार्यालय के पत्रांक–1508/ओबरा/33 दिनांक–11.12.2020 द्वारा प्रस्ताव में कमियों का उल्लेख करते हुए, प्रस्ताव की पांच प्रति मूल में संलग्न कर, इंगित कमियों का निराकरण करते हुए संशोधित प्रस्ताव उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया। पुनः इस कार्यालय के पत्रांक–2961/ओबरा/33 वन्दो0 दिनांक–23.06.2021 द्वारा अनुस्मारक पत्र दिया गया। जिसके कम में आपके कार्यालय के पत्रांक–925/ यू0पी0– 67135– पी0एम0जी0एस0वाई0 /2021 दिनांक– 25.06.2021 द्वारा प्रस्ताव पांच प्रतियों में इस कार्यालय में उपलब्ध कराया गया है। प्रस्ताव के अवलोकन से स्पष्ट हो रहा है कि आप द्वारा पूर्व प्रेषित प्रस्ताव के कम में इस कार्यालय के सन्दर्भित पत्र द्वारा इंगित की गयी कमियों का अवलोकन नहीं किया गया है। फलस्वरुप आप द्वारा पुनः प्रस्ताव के साथ संलग्न सभी दस्तावेज ओरिजनल न लगाकर, कलर फोटो स्टेट लगाया गया है। जिससे कि प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही किया जाना सम्भव नहीं हो पा रहा है।

उक्त के कम में आपसे अनुरोध है कि आप इस कार्यालय के पत्रांक–1508/ओबरा /33 दिनांक–11.12.2020 में इंगित कमियों को दृष्टिगत रखते हुए संशोधित प्रस्ताव (जिसमें सभी दस्तावेज ओरिजनल हो) उपलब्ध कराने का कष्ट करें, जिससे कि प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही किया जा सके।

भवदीय

(प्रखर मिश्रा)
प्रभागीय वनाधिकारी
ओबरा वन प्रभाग, ओबरा–सोनभद्र।